Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 02-09-2022 अंक 332

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक घायल




चौपारण प्रखंड अंतर्गत सिंघरावा पंचायत के हजारीधमना निवासी संजय यादव उम्र 45 वर्ष पिता बालेश्वर यादव अपना कुछ निजी काम से बरही आ रहे थे। इसी क्रम में गया रोड में स्थित रेलवे ओवरब्रिज के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। तत्काल उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया

## बहुचर्चित रूपेश पांडेय हत्याकांड के मामले में हाई कोर्ट में हुई सुनवाई, हाई कोर्ट ने सीबीआई को सौपा केस

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही का सबसे चर्चित रूपेश हत्याकांड मामले में हाई कोर्ट ने सुनवाई करते हुए पूरे केश को सीबीआई को सौपने का आदेश दिया है। अब पूरे घटनाक्रम की जांच सीबीआई करेगी। एक बार फिर इस मामले को लेकर गहमा गहमी होने की संभावना है। ज्ञात हो कि पिछले 6 फरवरी को नईटांड़ निवासी रूपेश पांडेय की हत्या दुलमहा लखना में मूर्ति विसर्जन के दौरान एक समुदाय विशेष के लोगों के द्वारा दज दी गई थी। इस मामले में कुल 27 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस केस का सुपरविजन बड़कागांव डीएसपी अमित सिंह के द्वारा की गई। इसमे कुल 27 में 15 लोगों को घटना के लिए दोषी





पाया गया। जबकि 12 लोगों की संलिप्तता पर गहराई से जांच किया जा रहा है। 15 में घटना के दिन ही 4 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।। जबकि दूसरे दिन एक ने सरेंडर किया था। शेष 10 लोगो के खिलाफ फरार घोषित करते हुए इस्तेहार चिपकाया गया था। जिसके बाद 7लोगों ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। शेष 4 लोगों की धर पकड़ की जा रही है। इधर मृतक रूपेश की मां ने हा. ईकोर्ट में रिट याचिका दायर की थी। इसमे उर्मिला पांडेय ने पुलिस की जांच से असंतुष्ट होकर सीबीआई जांच की मांग की थी । जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।झारखंड हाईकोर्ट के न्यायधीश जस्टिस एस के द्विवेदी की अदालत ने यह आदेश दिया की केस की जांच सीबीआई करेगी। हालांकि इस मामले में पक्ष, विपक्ष के द्वारा खूब राजनीति की गई थी। दोनो की ओर दे सहयोग राधि भी दो गई। लेकिन उमाशंकर अकेला के द्वारा दिया गया 50000 रुपये को परिजन ने लौटा दिया। वही मंत्री मि. थलेश ठाकुर, बादल पत्रलेख एवं सत्यानन्द भोक्ता तथा उमाशंकर अकेला, सीओ के पहल पर सीएम के द्वारा मुआवजा के साथ साथ मृतक की मां उर्मिला देवी को फोर्थ ग्रेड में नौकरी दी गई है। वर्तमान में सीओ अ०फिस में कार्यरत है।

## केदारुत के जमुनिया तालाब में डूबने से अजय बिरहोर की मौत, पुलिस जांच में जुटी

### घटना स्थल पर चार लोगों के कपड़े मिले, एक माह पहले हुई थी पत्नी मौत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

केदारुत के जमुनिया तालाब में डूबने से केवाल बिरहोर टोला निवासी 35 वर्षीय अजय बिरहोर की मौत हो गई। डूबने के बाद किसी ने पूर्व मुखिया सुरेंद्र यादव को इसकी सूचना दी। उन्होंने इसकी सूचना पदमा ओपी प्रभारी को दी। सूचना पर प्रभारी विकर्ण कुमार, एएसआई लालू यादव एवं सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो भी घटना स्थल पर पहुंचे। मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव भी घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। तालाब के बाहर चार लोगों का कपड़ा मिला।जिससे पता चलता है कि उनके साथ चार लोग तालाब में नहाने गए होंगे। लेकिन डूबने के बाद अन्य लोग फरार हो गए। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए हज़ारीबाग़ भेज दी।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस

पुलिस केवाल बिरहोर टोला पहुंची और उसके बारे में जानकरी ली। पूछ ताछ में पता चला कि अजय बिरहोर के साथ श्री बिरहोर भी था। वही आकर अपने टोला के लोगों को बताया कि अजय बिरहोर तालाब में डूब गया। बिरहोरों ने बताया कि अजय बिरहोर एक माह पहले अपनी पत्नी को पीट पीट कर मार डाला था। उनके घर मे एक बूढ़ी मां और दो बच्चे हैं। बताया जाता है कि मृतक अपने कुछ बिरहोर साथियों के साथ केदारुत एवं आस पास के जंगल मे खरगोश पकड़ने के लिए आता जाता था। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि या तो वह नहाने के दौरान गहरा पानी में डूब गया होगा या किसी ने डुबोकर मार दिया होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर मुखिया सरिता देवी ने मृतक कर परिजन को सहायता राशि एवं अनाज उपलब्ध कराने की मांग की। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, इंद्रदेव ठाकुर, रंजीत यादव,महेंद्र यादव, रिंकू भूइयाँ, डेगलाल यादव, मुरारी यादव, अनिल यादव, आशीष यादव, राजू यादव आदि लोग मौजूद थे।

## करियातपुर में अम्बेडकर क्लब के सौजन्य से पंचायत स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन





**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत में अंबेडकर क्लब करियातपुर के पंचायत स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जहां प्रखंड के सभी पंचायत की विभिन्न टीमें भाग ले रही है। फुटबॉल टूर्नामेंट में मुख्य रूप से बरही विधानसभा के युवा नेता सह तिलेश्वर साहु सेना के अध्यक्ष अरुण साहू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि क्यूम अंसारी ने फीता काटकर मैच का विधिवत उद्घाटन किया। सभी अतिथियों को माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। उद्घाटन मैच झिंग. ब्राई बनाम झारखंड एफसी तथा दूसरा मैच चौथा बनाम पिपराडीह के बीच खेला गया। जिसमें झारखंड की टीम विजय हुई। मौके पर अंबेडकर क्लब के अध्यक्ष लक्ष्मण राव, सचिव शमशेर, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, सदस्यों में हेमंत कुमार, नकुल कुमार, सीताराम कुमार, राहुल कुमार, अरुण कुमार, सुनील कुमार, अकाश कुमार, मुकेश कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता पप्पू खान, तिलेश्वर साहु सेना बरही प्रखंड के अध्यक्ष संतोष रजवार, प्रधान सचिव विष्णुधारी महतो, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष छोटन ठाकुर, प्रकाश विश्वकर्मा, भोली पासवान, प्रकाश दास, छोटी राम, चमारी ठाकुर, सन्नी गुप्ता, महेश राम, शंकर दास, बाशु दास,बब्लू दास, विकाश कुमार, सुनील दास, अजय दास, सिकंदर दास, किसून दास, तिलेश्वर साहु सेना दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष पीयूष साहु, व बिहार प्रदेश अध्यक्ष जय साहु, मिडिया प्रभारी बबलू साहु समेत तिलेश्वर साहू सेना के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पीपल एक देवीय वृक्ष है : पिंटू ठाकुर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत बरही पश्चिमी पंचायत के बरहीडीह निवासी पिंटू ठाकुर अब तक सैकड़ों पेड़ लगा चुके है। उन्होंने शुक्रवार को पीपल का वृक्ष लगाया और कहा की पीपल को शास्त्रों में काफी पूजनीय माना गया है। इसमें त्रिदेव यानी ब्रह्मा, विष्णु और महेश का निवास बताया गया है। इसमें 33 कोटि देवताओं का वास होता है। गीता में भगवान श्री कृष्ण ने इस वृक्ष को स्वयं को अवतार बताया है। इस



कारण से पीपल को पूजनीय माना जाता है। लोग पीपल के नीचे दीपक जलाकर, पीपल को जल चढ़ाकर इसकी पूजा करते है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की पीपल 24 घंटा ऑक्सीजन देने वाला वृक्ष है और लोगो को जीवन देने वाला है।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

## बरवाडीह निवासी युवक मिथुन 8 दिनों से लापता थाने में आवेदन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव थाना अंतर्गत पकरी बरवाडीह ग्राम निवासी जुगेश्वर गंझु के पुत्र 32 वर्षीय मिथुन गंझु पिछले 8 दिनों से लापता है। मिथुन 26 अगस्त को सुबह 8:30 बजे अपने घर से निकला था।जो अब तक घर वापस नहीं आया। जिसे लेकर पिता ने बड़कागांव थाना में पुत्र की गुमशुदगी का सनहा दर्ज कराया है एवं पुलिस प्रशासन से पुत्र की खोजबीन करने की अपील की है। बताया जाता है कि मिथुन की



मिथुन गंझू

ऊंचाई 5 फीट है वह हाफ पेंट पहन खुला बदन घर से बाहर निकला था। मामले को लेकर पुलिस प्रशासन ने अपने स्तर से खोजबीन एवं जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

APEM LIVE NEWS सच का साथी

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल ,बरारी में बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड के द्वारा टेंट पिचिंग, एवं कुकिंग कराया गया .

### बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड ने ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल, बरारी में योग एवं टेंट पिचिंग करवाया.





**अपेम लाइव : धनबाद**

ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बरारी जिला धनबाद में तीन दिवसीय कैंप का आज दूसरा दिन बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड के शिक्षकों के द्वारा योग मार्च पास्ट, परेड पिरामिड टेंट पिचिंग एवं बिना बर्तन का भोजन बनाने का भी अभ्यास कराया गया! योग शिक्षक योग में होने वाले लाभ के बारे में बतलाए उन्होंने कहा कि जिस तरह से कोरोना के बाद बच्चों का ह्यूमन पावर आंतरिक शक्ति घट रहा है बच्चे डिप्रेशन के शिकार हो रहे हैं उनसे बचने के लिए हमें स्काउट एंड गाइड का ट्रेनिंग लेना चाहिए इससे हम मन को तन को स्वास्थ्य रख सकते हैं और जब हमारा मन और तन स्वस्थ रहेगा तभी हम धन की कामना कर सकते हैं! मुख्य शिक्षक रिकी कुमार साव ने आज स्काउट के बच्चों को टेंट पीचिंग का अभ्यास कराया ताकि आपातकालीन स्थिति में हम कहीं भी जंगल, पहाड़ ,रेगिस्तान आदि में फंस जाएं या वहां हमें कुछ दिन रहने की आवश्यकता हो जिसमें आवासीय व्यवस्था ना हो उस परिस्थिति पर हम कैसे वहां टेंट लगाकर हम कई दिनों तक अपना गुजारा कर सकते हैं! जाहिद के बच्ची हो जिसमे रोज ले ली एवं सनफ्लावर ग्रुप को बिना बर्तन का पूजन हम कैसे बना कर खुद भी खाएंगे और दूसरे को भी खिलाएंगे इन सारे जानकारी बच्चों को दिया गया बच्चे अपने आप को बहुत उत्साहित थे तभी गाइड की छात्राएं बड़े ही लगन से कई प्रकार के भोजन स्वादिष्ट भोजन बनाकर सभी को दिखाने एवं खिलाने का कार्य किया ! आज के प्रशिक्षण सत्र में मुख्य रूप से उपस्थित सचिव पप्पू पंडित, जिला संगठन आयुक्त शैलेश रंजन, गाइड शिक्षिका शीतल कुमारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक , रवि भूषण पांडे, अभय कुमार पांडे उर्फ लालसर, शहनाज परवीन, शगुफ्ता बानो, अफसाना ,मोहम्मद अफजाल अंसारी शाहिना परवीन, निखत परवीन, राबिया परवीन, रुखसार परवीन आदि उपस्थित रहें!




## विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से व्रजपात की मौत के परिजन को श्राद्ध कर्म के लिए खाद्य सामग्री दिया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड के सिकरी पंचायत अंतर्गत सिकरी गांऐ में कुछ दिनों पूर्व वज्रपात से रीता देवी पति पारसनाथ महतो की मृत्यु हो गई थी ।उनके श्राद्ध कर्म के लिए बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के सौजन्य से खाद्य सामग्री दिया गया ।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने कहा कि विधायक अंबा प्रसाद क्षेत्र के लोगों के दुःख सुख में हमेशा शामिल होते हैं और हर संभव सहयोग करते हैं और निश्चित तौर पर आगे भी करते रहेंगे ।2 टीना तेल, 1 बोरा आलू सहीत अन्य खाद सामग्री दिया गया ।खाद्य सामग्री पहुंचाने के क्रम में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार, श्याम कुमार भार्गव, जमाल सगीर,गोविंद महतो ,रंजन कुमार ,कामेश्वर सिंह, दिनेश्वर पासवान, एवं अजय पासवान आदि शामिल थे।

## सिन्दवारी के किसान केसर महतो वज्रपात से मौत

### 2022 मे बज्रपात से अब तक 5 वी मौत

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सिन्दवारी पंचायत के सिन्दवारी गांव निवासी किसान केसर महतो उम्र 58 वर्ष की मौत वज्रपात से हो गई। बताया जाता है कि केसर महतो अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान मूसलाधार बारिश के साथ केसर वज्रपात की चपेट में आ गया। जिसके कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष रामचंद्र महतो ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। बताते चलें कि प्रखंड में 2022 में अब तक वज्रपात से 5 लोगों की मौत हो चुकी है मृतक में बादम के रामचंद्र साव, कांड तरी के निराशो देवी, सीकरी के रीता देवी, चमगड्डा के टिकेश्वर महतो एवं शुक्रवार को सिन्दवारी ग्राम निवासी किसान केसर महतो की मौत वज्रपात से हुई है।

## तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो ने मोटरसाइकिल चालक को मारा धक्का दो लोग घायल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव लिखलाही घाटी मोड़ के पास बड़कागांव से हजारीबाग की ओर जा रहे मोटरसाइकिल चालक को विपरीत दिशा से आ रहे हैं अज्ञात बोलेरो ने धक्का मार दिया जिसके कारण मोटरसाइकिल सवार पप्पू कुमार एवं एक अन्य घायल हो गए। हजारीबाग जा रहे पिकअप के सहयोग से दोनों को इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया। बताया जाता है कि दोनों घायल हजारीबाग के रहने वाले थे। ज्ञात हो कि लिखलाहि घाटी मोड़ पर कई बार दुर्घटनाएं हो रही है इसका मुख्य वजह है तेज रफ्तार में वाहनों का चलना । वाहन चालकों को उक्त मोड़ पर सावधानी से चलने की आवश्यकता है ताकि दुर्घटना से बचा जा सके।



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## भाकपा अंचल कमेटी की बैठक मैं जिला सम्मेलन को सफल बनाने का निर्णय लोकतंत्र व सविधान को समाप्त करने की कोशिश हो रही है जिप सदस्य महादेव राम

**अपेम लाइव :चंदवारा**
**कुलदिप कुमार**




चन्दवारा मुख्यालय के संस्कृतिक भवन में शुक्रवार को भाकपा अंचल कमिटी चंदवारा की बैठक दशरथ पासवान की अध्यक्षता में की गई। बैठक में विगत कार्यक्रमों का कार्य रिपोर्ट अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय ने प्रस्तुत किया। जिसे सबों ने सर्वसम्मति से पास किया। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि देश आर्थिक मंदी से गुजर रहा है। बेरोजगारी एवं महंगाई निरंतर बढ़ती जा रही है लोकतंत्र एवं संविधान को समाप्त करने की कोशिश हो रही है 2024 के आम चुनाव में आम जनता को इस पर गंभीरता से विचार करना होगा नहीं तो फिर एक बार देश गुलाम हो जाएगा इस बार पूंजीपतियों के हाथ में सत्ता चला जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने कहा कि कोडरमा जिला में आयुष्मान भारत योजना फेल है गरीबों का इलाज नहीं हो पा रहा है सभी मरीजों को अनावश्यक रेफर कर दिया जाता है डॉक्टर नहीं है राज्य सरकार इसे गंभीरता से लेते हुए डॉक्टरों का पदस्थापन किया जाए। कोडरमा सदर अस्पताल के अधिकांश डॉक्टर निजी क्लीनिक में प्रैक्टिस करते हैं। अस्पताल पर उनका ध्यान नहीं रहता है। अपना निजी क्लीनिक में ज्यादा समय देते हैं बैठक को संबोधित करते हुए पुरुषोत्तम यादव ने कहा कि चंदवारा अंचल में भयंकर अंधेर गर्दी चल रही है किसान जमीन अ०नलाइन के लिए महीनों से चक्कर लगा रहे हैं। दाखिल खारिज में भी रिश्वतखोरी चल रही है जो किसान रिश्वत देता है उसी का दाखिल खारिज होता है बहुत जल्द पार्टी आंदोलन चलाएगी बैठक को संबोधित करते हुए दशरथ पासवान ने कहा कि 15वें वित्त आयोग का पैसा पंचायतों में खर्च नहीं हो पा रहा है जिला प्रशासन को इस संबंध में गंभीरता से विचार करना चाहिए एवं प्रत्येक पंचायत का समीक्षा करना चाहिए ताकि समय पर पैसा खर्च हो सके बैठक में 15 एवं 16 सितंबर को जिला सम्मेलन में भाग लेने का फैसला लिया गया। सम्मेलन तिलैया डैम में संपन्न होगी। मौके पर अंचल मंत्री रामेश्वर यादव उर्फ भीखन यादव, सुभाष रजक, मनोज रविदास, उदय भारती, सुधीर यादव दासू यादव, विश्वनाथ रविदास, सिकंदर रजक, रामकिशुन शर्मा, चंद्रिका सिंह, सिकंदर कुमार, रामचंद्र यादव, अनिल कुमार, हीरामन रजक, देवंती देवी, शांति देवी, सखावत अली, रामचंद्र रविदास, ननकू दास, रंजीत भारती, लालू रविदास समेत कई लोग मौजूद थे।

## चतरा महाविद्यालय में ए वी बी पी ने किया परीक्षा नियंत्रक एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष का पुतला दहन

### शैक्षणिक आराजकता व परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी का लगाया आरोप





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी :- चतरा महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शुक्रवार को परीक्षा नियंत्रक एवं राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष का पुतला दहन किया गया। चतरा महाविद्यालय में शैक्षणिक आराजकता व परीक्षा परिणाम में हुई गडबड़ी के खिलाफ एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने क०लेज में पूर्व में अल्टीमेटम देने के बाद आज पुतला दहन किया। इस दौरान परिषद कार्यकर्ताओ ने तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन कर अपनी भड़ास निकाली। दरअसल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राजनीति विज्ञान विषय के परीक्षा परिणाम में हूई गडबड़ी के खिलाफ शहर स्थित चतरा क०लेज में पुतला दहन किया गया। साथ ही कॉलेज में तालाबंदी कर रोषपूर्ण प्रदर्शन की गई। इस दौरान परिषद विभाग संयोजक रोहित कुमार नगर सह मंत्री मुन्ना यदुवंशी ने बताया कि जब से श्री पवन सिंह द्वारा पदभार संभाला गया तब से राजनीति विज्ञान विषय में छात्रों के साथ भविष्य के साथ खिलवाड़ होते आता है। वर्तमान सत्र में करीब 40 बच्चों का आंतरिक विषय मे अनुपस्थित या कम नम्बर देकर उनके भविष्य पर ग्रहण लगा दिया गया है। उक्त विषय पर परीक्षा नियंत्रक की कुर्सी पर बैठे परीक्षा नियंत्रक के कानों में जूं तक नहीं रेंग रहा है। छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। जिसको लेकर यह आंदोलन किया जा रहा है। विद्यार्थी परिषद द्वारा इस समस्या के समाधान तक महाविद्यालय में अनिश्चिततकालीन तालाबंदी कर दी गई है। उनकी मांग है कि पुनः विचार करके सभी बच्चों का पुनः परीक्षा परिणाम सही रूप में प्रकाशित किया जाए। जिससे विद्यार्थियों का भविष्य खतरे में न पड़े। तालाबंदी व पुतला दहन में मुख्यरूप से रोहित कुमार सह मंत्री मनीष गोप रोहित सोनी मिलन कुमार साहिल कुमार रणविजय सिंह अशोक कुमार पांडे आशीष कुमार मयंक कुमार करण राज अविनाश कुमार रितेश केसरी अभय कुमार रौनक कुमार अरनव सिन्हा विकास केसरी अकाश कुमार अभिनव सिंहा नीरज कुमार शिव शंकर कुमार पांडे कार्यकारिणी सदस्य रितेश कुमार राणा अन्य सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित थे

## पिरींजियाटांड़ वन रक्षाबंधन महोत्सव सह मेला की तैयारी को लेकर बैठक

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


वन रक्षा समिति की बैठक में मौजूद लोग

पर्यावरण एवं वन रक्षा समिति बनासो व चानो के तत्वाधान में पिरींजियाटांड वन में 7 सितंबर को वन रक्षाबंधन महोत्सव सह मेला का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता महादेव मुर्मू ने की। निर्णय लिया गया कि आसपास के गांव टोले में वन रक्षाबंधन महोत्सव का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसके अलावा आसपास के शिक्षण संस्थानों के बच्चों की भी इस कार्यक्रम में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा। वन रक्षाबंधन महोत्सव को लेकर वन विभाग के पदाधिकारियों के अलावा प्रशासनिक एवं अन्य गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में कोष संग्रह हेतु भी चर्चा की गई। मौके पर अध्यक्ष महादेव मुर्मू, सचिव रमेश टुडू, उपाध्यक्ष सुरेश राम, चेतलाल टूडू, थानेश्वर महतो, पिंकी देवी, चेतन महतो, लालजी मुर्मू, लखन टुडू, शिबू सोरेन, राजू सोरेन, बुधन टुडू, महेश किस्कू, बाबूचंद किस्कू, रामचंद्र राम, बबलू टुडू, दासो मुर्मू, सोमर महतो, डेगलाल महतो, जगरनाथ सिंह, कौशल्या देवी, कमली देवी, चंदवा देवी समेत कई लोग मौजूद थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मरमति एवं चहारदीवारी निर्माण की मांग की




मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास एवं अन्य

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बादम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मरमति कार्य एवं चहारदीवारी निर्माण कराने की मांग की गई है। उक्त आशय की जानकारी बादम पंचायत मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास ने दी है एवं मरम्मत कराने की मांग जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन से की है। उन्होंने कहा कि सहायक अभियंता जवाहर सिंह से कार्य को लेकर माफी कराई गई है तथा इसका एस्टीमेट भी बनवाई गई है। सांसद जयंत सिंहा विधायक अंबा प्रसाद जिला परिषद अध्यक्ष को इस ओर विशेष ध्यान देने की अपील की है ताकि जल्द से जल्द जर्जर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मरम्मत कार्य पूरा हो सके

## हमारी सरकार किसानों के लिए समर्पित है, सुखाड़ प्रभावित क्षेत्रो के किसानों के लिए उठाए जाएंगे महत्वपूर्ण कदम-अंबा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : राज्य में मानसून के सक्रिय नहीं होने तथा सुखाड़ की मार झेल रहे पूरे राज्य को सुखाड़ प्रभावित क्षेत्र घोषित कर किसानों के लिए राहत पैकेज जारी करने की मांग बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा विधानसभा के सदन में मामला उठाया गया था। जिसके बाद राज्य सरकार पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। विधायक ने इस संबंध में कहा कि इस वर्ष पूरे राज्य में मानसून सक्रिय नहीं होने के कारण वर्तमान समय तक सामान्य से काफ़ी कम बारिश हुई है जिससे सुखाड़ जैसे हालात बन गए हैं। ऐसी स्थिति में किसानों की आमदनी और गृहस्थी बुरी तरह से प्रभावित हो रही है तथा पूरे मामले पर राज्य सरकार बेहद गंभीर है एवं राज्य सरकार किसानों के लिए काम कर रही है ।जल्द ही इस दिशा में धान और अन्य फसलों की कम पैदावार से किसानों को होने वाली आर्थिक नुकसान की भरपाई तथा अन्य महत्वपूर्ण कदम राज्य सरकार किसानों के हित में उठाई जा रही है।




APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार